दिनांक—28.06.2024
समय—7.10एएम
आकाशवाणी, भोपाल

मुख्य समाचार :—

- प्रदेष में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत भोपाल में 12 लाख पौधे रौंपे जाएंगे। 6 जुलाई से षुरू होगा अभियान।
- प्रदेष के तीन आवेदकों को नागरिक संषोधन कानून के तहत मिली भारतीय नागरिकता।
- भारत टी—20 विष्व कप के फाइनल में पहुंचा। दूसरे सेमीफाइनल में इंग्लैंड को दी 68 रनों से मात।
- प्रदेष के 6 और जिलों में पहुंचा मॉनसून। अगले तीन दिन तक ग्वालियर— चंबल, मालवा—निवाड़ क्षेत्र में भारी बारिष।

5वीं 8वीं परीक्षा परिणाम—प्रदेष

स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा ली गई कक्षा 5वीं और 8वीं की बोर्ड पेटर्न पुनः परीक्षाओं का परिणाम आज घोषित किया जायेगा। राज्य शिक्षा केन्द्र भोपाल द्वारा परीक्षा परिणाम अपरान्ह 4 बजे परीक्षा पोर्टल पर जारी किया जायेगा। इसे राज्य शिक्षा केन्द्र के वेब पोर्टल पर देखा जा सकेगा। इसी पोर्टल पर शिक्षक, संस्था प्रमुख अपनी शाला का विद्यार्थीवार परिणाम भी देख सकेंगे। पॉचवीं एवं आठवीं की बोर्ड परीक्षाओं का संचालन 3 से 8 जून के दौरान किया गया था। इनमें प्रदेश की शासकीय, अशासकीय शालाओं एवं पंजीकृत मदरसों के कक्षा 5वीं के 1 लाख 31 हज़ार से अधिक तथा कक्षा 8वीं के 1 लाख 63 हज़ार से अधिक विद्यार्थी सम्मिलित हुए थे।

टी—20 वर्ल्ड कप—फाइनल

भारत आईसीसी टी—20 वर्ल्ड कप के फाइनल में पहुंच गया है। कल देर रात गयाना के प्रोविडेंस स्टेडियम में खेले गए दूसरे सेमीफाइनल में भारत ने इंग्लैंड को 68 रनों से हराया। पहले खेलते हुए भारत ने 7 विकेट पर 171 रन बनाए। जिसके जवाब में इंग्लैंड की टीम 17वें ओवर में 103 पर आउट हो गई। भारत की ओर से रोहित षर्मा ने 57 रनों की पारी खेली। साथ ही सूर्य कुमार यादव ने 47 और हार्दिक पाण्डया ने 23 रन बनाए। जवाब में इंग्लैंड की टीम ने 50 रनों के अंदर ही 5 विकेट खो दिए और पूरी टीम 103 रन ही बना सकी। हैरी ब्रूक ने सर्वाधिक 25 रन बनाए। भारत की ओर से अक्षर पटेल और कुलदीप यादव ने 3—3 विकेट लिए। अक्षर पटेल प्लेयर ऑफ द मैच बने। भारत 10 साल बाद फाइनल में पहुंचा है। जहां कल 29 जून को उसका मुकाबला पहली बार फाइनल में पहुंचे दक्षिण अफ्रिका से होगा। भारत विष्वकप के पहले संस्करण 2007 में विजेता रहा था और 2014 में उप विजेता रहा।

सीएए प्रमाण पत्र— प्रदेष

मध्य प्रदेश में मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने नागरिकता संशोधन कानून –CAA के अंतर्गत पहली बार मध्य प्रदेश में तीन आवेदकों को भारतीय नागरिकता प्रमाण पत्र प्रदान किए।

नागरिकता संशोधन कानून के अंतर्गत पहले आवेदक समीर सेलवानी और संजना सेलवानी के पिता पाकिस्तान में रह रहे थे, जबकि ये दोनों 2012 से भारत में रह रहे हैं।

वहीं, तीसरी आवेदक राखी दास बांग्लादेश से हैं। सीएए के तहत अब तक 61 नागरिकों ने मध्य प्रदेश में नागरिकता के लिए आवेदन किया है। फिलहाल उनके आवेदन पत्रों की जांच की जा रही है।

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नागरिकता संबंधी कठिनाई का निराकरण कर, एक ऐसा रिश्ता पुनर्स्थापित करने का प्रयास किया, जो अखण्ड भारत की याद दिलाता है।

<u>मौसम–बारिष</u>

दक्षिण पष्चिम मॉनसून प्रदेष के ग्वालियर, ष्योपुर, भिंड, मुरैना, निवाड़ी और दतिया जिलों में पहुंच गया है। इसके साथ ही सीधी और सिंगरौली को छोड़कर पूरे प्रदेष में मॉनसून सक्रीय हो गया है। कल भोपाल में करीब 2 इंच बारिष हुई। वहीं ग्वालियर, विदिषा, जबलपुर में भी तेज बारिष हुई। मौसम विभाग ने आज से अगले तीन दिनों तक भोपाल सहित ग्वालियर, चंबल, मालवा निवाड़ क्षेत्र में तेज बारिष के लिये अलर्ट जारी किया है।

<u>एक पेड़ मां के नाम–प्रदेष</u>

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश में "एक पेड़ मां के नाम" अभियान जन सहयोग से सफल होगा। इंदौर जिले में जहां 51 लाख पौधे लगाने का संकल्प लिया गया है, वहीं राजधानी भोपाल सहित जिले के विभिन्न स्थानों पर एक दिन में ही 12 लाख पौधे रोपे जाएंगे। भोपाल जिले में 12 हजार पौधे "माँ" के सम्मान में लगाए जाएंगे। मुख्यमंत्री ने बताया कि भोपाल में राष्ट्रवादी विचारक, शिक्षाविद और भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती 6 जुलाई को अभियान के अंतर्गत पौधे लगाने का कार्य शुरू किया जाएगा।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कल मंत्रालय में एक विशेष बैठक में जनप्रतिनिधियों और वरिष्ठ अधिकारियों से अभियान की तैयारियों की जानकारी प्राप्त की। भोपाल में करीब 350 स्थल पौध–रोपण के लिए चयनित किए गए हैं। इनमें मुख्य रूप से कलियासोत डेम, आदमपुर खंती, कीरत नगर, केम्पा वृक्षारोपण मुगालिया कोट, समरधा जंगल रेंज तथा कलारा बैरसिया भी शामिल हैं। कुल 480 हेक्टेयर क्षेत्र में पौधे लगाने का लक्ष्य है।

<u>परिवहन योजना–प्रदेष</u>

मुख्यमंत्री ने प्रदेश में गुजरात की तर्ज पर चेक–पोस्ट व्यवस्था समय सीमा में लागू करने को कहा है। इस व्यवस्था में ट्रांसपोर्टर पूर्व में ही ई चेक–पोस्ट वेबसाइट पर अपने वाहन के संबंध में आवश्यक स्व–घोषणा कर निर्धारित फीस जमा कर सकता है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश में नागरिकों को सस्ती व सुलभ परिवहन सेवाओं का लाभ दिया जाए। इसके लिए आवश्यक व्यवस्थाओं को शीघ्र पूर्ण किया जाएं।

भोपाल में कल परिवहन विभाग की बैठक में मुख्यमंत्री ने प्रदेश में ई–व्हीकल व्यवस्था बढ़ाने, निर्धारित स्थान पर बस स्टेंड की व्यवस्था लागू करने, विद्यार्थियों के लिए महाविद्यालय में लर्निंग लाइसेंस बनाने की सुविधा प्रदान करने सहित कई अन्य निर्देश भी दिए।

नर्मदा घाटी विकास–प्रदेष

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में कल नर्मदा घाटी विकास विभाग के अंतर्गत नर्मदा नियंत्रण मंडल की गतिविधियों की समीक्षा की गई। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि नर्मदा जी के प्रमुख घाटों पर जल प्रवाह सुनिश्चित किया जाए। प्रदेश में सिंचाई के साधनों के विस्तार का कार्य निरंतर हो। केंद्र सरकार से ऐसे कार्यों के लिए पर्याप्त धन राशि भी प्राप्त होगी। बैठक में बड़ादेव संयुक्त माइक्रो सिंचाई परियोजना, मां रेवा उद्वहन सिंचाई परियोजना, निवाली उद्वहन माइक्रो सिंचाई परियोजना, महेश्वर जानापाव उद्वहन माइक्रो सिंचाई परियोजना सहित अन्य परियोजनाओं के संबंध में चर्चा हुई। जल जीवन मिशन की एक बैठक में मुख्यमंत्री ने जल जीवन मिशन के अंतर्गत नलजल योजना के संचालन का कार्य महिला स्व–सहायता समूहों को सौंपने को कहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में 63 प्रतिशत से अधिक घरों को नल से जल उपलब्ध कराया जा रहा है। प्रदेश के समस्त ग्रामीण परिवारों को नल से जल उपलब्ध कराने की दिशा में कार्य तेजी से जारी है।

प्रशासनिक सेवा तबादले–प्रदेष

राज्य शासन ने भारतीय प्रशासनिक सेवा के 14 अधिकारियों का कल तबादला करते हुए उनकी नवीन पदस्थापना की है। इस संबंध में सामान्य प्रशासन विभाग ने कल देर रात आदेश जारी किया है। जारी आदेश के अनुसार, प्रशासन अकादमी के महानिदेशक विनोद कुमार को आदिम जाति अनुसंधान एवं विकास संस्थान भोपाल में संचालक नियुक्त किया गया है, जबकि वन विभाग के अपर मुख्य सचिव जेएन कंसोटिया को प्रशासन अकादमी में महानिदेशक बनाया गया है। वहीं, स्कूल शिक्षा विभाग की प्रमुख सचिव रश्मि अरुण शमी अब खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग में प्रमुख सचिव बनाइ गईं हैं। ग्वालियर, रीवा के संभाग आयुक्त के भी तबादले किये गये हैं।

अनुसूचित जाति को लोन

इंदौर जिले में मध्यप्रदेश अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास निगम द्वारा इस वर्ष जिले में अनुसूचित जाति के एक हजार युवाओं को स्वरोजगार के लिये 10 हजार रुपये से लेकर 50 लाख रुपये तक का लोन दिया जायेगा। इसके लिए इच्छुक युवाओं से आवेदन मंगाये गये है। जिला अंत्यावसायी सहकारी विकास समिति इंदौर के कार्यपालन अधिकारी ने बताया कि ऋण प्राप्त करने के लिए आवेदक की आयु 18 से 45 वर्ष होना चाहिये।

अब कुछ समाचार संक्षेप में .....

- सागर ज़िले के देवरी में शराब के नशे में स्कूल पहुंचने और अभद्र व्यवहार करने पर प्राथमिक शिक्षक रामलाल अहिरवार को जिला शिक्षा अधिकारी ने तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है।
- रायसेन के सांची मार्ग स्थित एक होटल में कल पत्र सूचना कार्यालय – पीआईबी ने एक दिवसीय कार्यषाला और वार्तालाप का आयोजन किया। कार्यक्रम में केन्द्र सरकार की कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई।

* जल संसाधन मंत्री तुलसी सिलावट ने कल इंदौर  के समीप रेवती रेंज में जल गंगा संर्वधन अभियान के तहत 11 लाख पौधे लगाने के स्थान का निरीक्षण किया एवं चल रहे कार्यों की समीक्षा की।
* धार के ऐतिहासिक स्मारक भोजशाला का भारतीय पुरातत्व विभाग वैज्ञानिक सर्वे का कार्य कल 98 दिन में सम्पन्न हो गया। विभाग द्वारा दो जुलाई को अपनी रिपोर्ट न्यायालय में प्रस्तुत करना है।

---------------------------

न्यूज फॉर हिन्दी वैब -

(1) सीएए प्रमाण पत्र- प्रदेश

मध्य प्रदेश में मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने नागरिकता संशोधन कानून -ब्।। के अंतर्गत पहली बार मध्य प्रदेश में तीन आवेदकों को भारतीय नागरिकता प्रमाण पत्र प्रदान किए।

नागरिकता संशोधन कानून के अंतर्गत पहले आवेदक समीर सेलवानी और संजना सेलवानी के पिता पाकिस्तान में रह रहे थे, जबकि ये दोनों 2012 से भारत में रह रहे हैं। वहीं, तीसरी आवेदक राखी दास बांग्लादेश से हैं। सीएए के तहत अब तक 61 नागरिकों ने मध्य प्रदेश में नागरिकता के लिए आवेदन किया है। फिलहाल उनके आवेदन पत्रों की जांच की जा रही है। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नागरिकता संबंधी कठिनाई का निराकरण कर, एक ऐसा रिश्ता पुनर्स्थापित करने का प्रयास किया, जो अखण्ड भारत की याद दिलाता है।

संजीव शर्मा, आकाशवाणी समाचार, भोपाल

(2) 5वीं 8वीं परीक्षा परिणाम-प्रदेश

स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा ली गई कक्षा 5वीं और 8वीं की बोर्ड पेटर्न पुनः परीक्षाओं का परिणाम आज घोषित किया जायेगा। राज्य शिक्षा केन्द्र भोपाल द्वारा परीक्षा परिणाम अपरान्ह 4 बजे परीक्षा पोर्टल पर जारी किया जायेगा। इसे राज्य शिक्षा केन्द्र के वेब पोर्टल  पर देखा जा सकेगा।  इसी पोर्टल पर शिक्षक, संस्था प्रमुख अपनी शाला का विद्यार्थीवार परिणाम भी देख सकेंगे। पॉचवीं एवं आठवीं की बोर्ड परीक्षाओं का संचालन 3 से 8 जून के दौरान किया गया था। इनमें प्रदेश की शासकीय, अशासकीय शालाओं एवं पंजीकृत मदरसों के कक्षा 5वीं के 1 लाख 31 हज़ार से अधिक तथा कक्षा 8वीं के 1 लाख 63 हज़ार से अधिक विद्यार्थी सम्मिलित हुए थे।

(3) प्रशासनिक सेवा तबादले-प्रदेश

राज्य शासन ने भारतीय प्रशासनिक सेवा  के 14 अधिकारियों का कल तबादला करते हुए उनकी नवीन पदस्थापना की है। इस संबंध में सामान्य प्रशासन विभाग ने कल देर रात आदेश जारी किया है। जारी आदेश के अनुसार, प्रशासन अकादमी के महानिदेशक विनोद कुमार को आदिम जाति अनुसंधान एवं विकास संस्थान भोपाल में संचालक नियुक्त किया गया है, जबकि वन विभाग के अपर मुख्य सचिव जेएन कंसोटिया को प्रशासन अकादमी में महानिदेशक बनाया गया है। वहीं, स्कूल शिक्षा विभाग की प्रमुख सचिव रश्मि अरुण शमी अब खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग में प्रमुख सचिव बनाइ गईं हैं। ग्वालियर, रीवा के संभाग आयुक्त के भी तबादले किये गये हैं।

(4) एक पेड़ मां के नाम-प्रदेश

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश में “एक पेड़ मां के नाम“ अभियान जन सहयोग से सफल होगा। इंदौर जिले में जहां 51 लाख पौधे लगाने का संकल्प लिया गया है, वहीं राजधानी भोपाल सहित जिले के विभिन्न स्थानों पर एक दिन में ही 12 लाख पौधे रोपे जाएंगे। भोपाल जिले में 12 हजार पौधे “माँ“ के सम्मान में लगाए जाएंगे। मुख्यमंत्री ने बताया कि भोपाल में राष्ट्रवादी विचारक, शिक्षाविद और भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती 6 जुलाई को अभियान के अंतर्गत पौधे लगाने का कार्य शुरू किया जाएगा।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कल मंत्रालय में एक विशेष बैठक में जनप्रतिनिधियों और वरिष्ठ अधिकारियों से अभियान की तैयारियों की जानकारी प्राप्त की। भोपाल में करीब 350 स्थल पौध-रोपण के लिए चयनित किए गए हैं। इनमें मुख्य रूप से कलियासोत डेम, आदमपुर खंती, कीरत नगर, केम्पा वृक्षारोपण मुगालिया कोट, समरधा जंगल रेंज तथा कलारा बैरसिया भी शामिल हैं। कुल 480 हेक्टेयर क्षेत्र में पौधे लगाने का लक्ष्य है।

(5) नर्मदा घाटी विकास-प्रदेश

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में कल नर्मदा घाटी विकास विभाग के अंतर्गत नर्मदा नियंत्रण मंडल की गतिविधियों की समीक्षा की गई। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि नर्मदा जी के प्रमुख घाटों पर जल प्रवाह सुनिश्चित किया जाए। प्रदेश में सिंचाई के साधनों के विस्तार का कार्य निरंतर हो। केंद्र सरकार से ऐसे कार्यों के लिए पर्याप्त धन राशि भी प्राप्त होगी। बैठक में बड़ादेव संयुक्त माइक्रो सिंचाई परियोजना,

मां रेवा उद्वहन सिंचाई परियोजना, निवाली उद्वहन माइक्रो सिंचाई परियोजना, महेश्वर जानापाव उद्वहन माइक्रो सिंचाई परियोजना सहित अन्य परियोजनाओं के संबंध में चर्चा हुई। जल जीवन मिशन की एक बैठक में मुख्यमंत्री ने जल जीवन मिशन के अंतर्गत नलजल योजना के संचालन का कार्य महिला स्व-सहायता समूहों को सौंपने को कहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में 63 प्रतिशत से अधिक घरों को नल से जल उपलब्ध कराया जा रहा है। प्रदेश के समस्त ग्रामीण परिवारों को नल से जल उपलब्ध कराने की दिशा में कार्य तेजी से जारी है।

---------------